## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 173 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई 2024 तक 173 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 338.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 128.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 152.4 मि.मी, बिरसिंहपुर में 169 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 82 मि.मी., नागौद में 180.5 मि.मी., जसो (नागौद) में 69.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 263 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 192 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। मैहर जिले में अब तक 274.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज
मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 16 जुलाई 2024 तक 274.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 318 मि.मी., मैहर में 216.1 मि.मी. एवं रामनगर में 289.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 147.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### शंकराचार्य शिष्य परिवार ने कर्णिका के सीए परीक्षा उत्तीर्ण होने पर किया सम्मानित



**सतना।** आदित्य वाहिनी के क्षेत्रीय संयोजक पं आशीष बाजपेयी ने बताया सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर अनंत विभूषित श्री मज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाभाग शिष्य परिवार के द्वारा कड़ी मेहनत से सी.ए.की परीक्षा एक साथ उत्तीर्ण करने वाली प्रदीप उरमलिया की सुपुत्री कर्णिका उरमलिया का गोवर्धन मठ शिष्य परिवार सतना के संरक्षक उमाशंकर अग्रवाल (मुन्ना गौरी) के द्वारा समस्त शिष्य परिवार के साथ सम्मानित किया गया।

### हर व्यक्ति रहा समस्याग्रस्त, कुछ की समस्याएं सुलझी और कुछ लोगों को मिला आश्वासन

# कलेक्ट्रेट और नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान 100 से ज्यादा फरियादी पहुंचे

**सतना।** कलेक्ट्रेट एवं नगर निगम में मंगलवार को आयोजित होने वाली जन सुनवाई में क्रमशः 66 एवं 71 आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े व डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े ने तथा नगर निगम की जनसुनवाई में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार,ननि अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन एवं ननि आयुक्त डॉ.शेर सिंह मीना ने समस्याये सुनकर उनका निराकरण किया। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े ने जिले के विभिन्न अंचलों से आये 66 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

#### पुरुषोत्तम दास को मौके पर मिली सुनने वाली मशीन

कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेटर स्वप्निल वानखेड़े द्वारा रामपुर बाघेलान तहसील अंतर्गत गोरइया गांव के श्रवण बाधित पुरुषोाम दास गुप्ता को तत्काल कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। कान की मशीन मिल जाने से पुरुषोाम गुप्ता ने शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगर निगम में 71 आवेदक पहुंचे समस्याएं लेकर नगर निगम में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार,अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन एवं ननि आयुत डॉ. शेर सिंह मीना ने जनसुनवाई में उपस्थित 71 आवेदकों की विभिन्न शाखाओं से संबंधित समस्यायें सुनकर निराकरण किया।



महापौर एवं आयुक्त ने कुछ आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया। जबकि शेष आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की टीप लगाकर संबंधित शाखा प्रमुख को अग्रेषित कर दिया गया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव के अनुसार जनसुनवाई में 71 आवेदक उपस्थित हुये। महापौर,ननि आयुक्त एवं अध्यक्ष ने आवेदकों से उनकी शिकायतें एवं समस्याएं सुनने के बाद उनका निराकरण किया। इनमें विद्युत शाखा संबंधी 5, योजना शाखा संबंधी 10, स्वास्थ्य शाखा संबंधी 1, फायर शाखा संबंधी 1, पेयजल शाखा संबंधित 6, निर्माण शाखा संबंधित 11, आवास शाखा संबंधित 28 एवं अतिक्रमण शाखा से संबंधित 9 शिकायतें शामिल हैं।

#### मैहर जिले में 64 आवेदनों पर हुई सुनवाई

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये आवेदकों की समस्याएं सुनी



और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती बाटड द्वारा तहसील स्तर पर की जा रही जनसुनवाई को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मानीटरिंग की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह,सीईओ प्रतिपाल बागरी,सीएमओ लालजी ताम्रकार, डीपीओ राजेंद्र बांगरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने मैहर जिले में आये 64 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान ग्राम मऊ की सविता विश्वकर्मा पति स्व राम कुमार विश्वकर्मा 42 वर्ष ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद परिवार का भरण पोषण करना बहुत मुश्किल हो गया है। मेरी दो बेटियां की शादी और कच्चे मकान के निर्माण हेतु आवास योजना और कन्या विवाह योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन दिया गया। मैहर निवासी राकेश चैरसिया ने बताया कि शासकीय रास्ते को बाधित करते हुए पुलिया पर कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा है। कई बार स्थानीय लोगो ने शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार नहीं किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने कार्यवाही करते हुए एसडीएम तथा सीएमओ को दलबल के साथ तत्काल अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार लक्ष्मी प्रसाद बड़गईया निवासी बिनैका तहसील अमदरा ने बताया की विगत कई महीनों से विद्युत बिल 200 से 300 के बीच रहता था। लेकिन अब विद्युत मंडल के कर्मचारी के अनियमित समय पर मीटर रीडिंग करने की वजह से जून प्रति माह से 1000 से लेकर 2500 रूपये तक हर माह का बिल भेजा गया है। शिकायत किए जाने के बाद कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। ग्राम झिन्ना निवासी लोकनाथ सिंह पिता रामकृपाल सिंह ने बताया कि मकान के सामने आने जाने वाले पुस्तैनी रास्ते को हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन सही न करने व स्वयं को लाभ पहुंचाने की नियत से शासकीय रास्ते को रकवा में दर्शा दिया गया है।

#### अमरपाटन में 6 तथा रामनगर में 11 आवेदन पर हुई जनसुनवाई

मैहर कलेक्टर रानी वाटड के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखण्ड कार्यालय एवं सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई में अमरपाटन के विकासखंड कार्यालय में एसडीएम आरती यादव एवं तहसीलदार रामदेव साकेत द्वारा आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान एसडीएम आरती यादव ने आवेदकों की समस्याओं का निराकरण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर अमरपाटन सीईओ ओपी आस्थाना उपस्थित रहे। इसी प्रकार रामनगर के एसडीएम कार्यालय में भी एसडीएम डॉ.आरती सिंह ने विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से आये आवेदकों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में आये प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये।इस अवसर पर रामनगर के सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति उपस्थित रहे। ग्राम स्तर की जनसुनवाई में सरपंच,सचिव, रोजगार सहायक,पटवारी एवं मैदानी अमले ने ग्राम वासियों की स्थानीय समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में 154 आवेदनों में सुनवाई की गई।

# शासकीय चिकित्सालयों तथा झोला छाप डाक्टरों के दवाखाना का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी ने मंगलवार को शासकीय चिकित्सालयों, निजी क्लीनिक एवं झोला छाप चिकित्सकों के दवाखाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम बाबुपुर में डॉ. डीपी प्रजापति तथा डॉ.जीपी द्विवेदी के दवाखाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मध्यप्रदेश उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण अनुज्ञापन) नियम 1973 अंतर्गत पंजीकृत नहीं होने पर क्लीनिक बंद कराई गई। इसी प्रकार तिघरा मोड बिरसिंहपुर में डॉ. आरके तिवारी एवं डॉ.ओम गौतम वेल केयर मेडिकोस,डॉ.आरएन चैरसिया के चैरसिया हेल्थ केयर एण्ड मेडिकल, बिरसिंहपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने डॉ.अरूण शर्मा के अरूण डेन्टल क्लीनिक एवं युनिक पैथालाजी लैब तथा शिव मंदिर रोड बिरसिंहपुर में डॉ.संदीप कुमार विश्वकर्मा के क्लीनिक का निरीक्षण करने पर क्लीनिक मध्यप्रदेश



उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण अनुज्ञापन) नियम 1973 अंतर्गत पंजीकृत नहीं होने पर क्लीनिक और पैथालॉजी बंद कराई गई। इसी प्रकार शासकीय चिकित्सालयों के निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड सोहावल अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र बठिया कला प्रातः 11 बजे तक बंद पाये जाने पर सीएचओ कविता साकेत और रामपुर बघेलान विकासखण्ड अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र तिहाई प्रातः 11.45 बजे तक बंद रहने पर एएनएम फूल कुमारी साकेत को नोटिस दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसिंहपुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतवारा के निरीक्षण में चिकित्सकों द्वारा पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी को डिमाण्ड के अनुसार दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी के निरीक्षण में पाया गया कि आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा उपस्थित पंजी में नियमित हस्ताक्षर नहीं किये जाते। ऐसा लगता है कि पूरे माह की उपस्थिति एक बार में ही कर्मचारियों द्वारा दर्ज की जाती है। इस संबंध में आउटसोर्स कम्पनी को नोटिस दिया गया।

### सरकारी स्कूल के भीतर छात्र और छात्रा ने बनाई रील, सोशल मीडिया में हुई वायरल



**सतना।** रेलवे परिसर में रील बनाते हुए पकड़े गए छात्र और छात्रा को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चेतावनी देने के बाद भी रील बनाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार को सोशल मीडिया में छात्र और छात्रा द्वारा रील बनाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया में जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। दोनों लोग विद्यालय के यूनिफॉर्म में है। यह वीडियो जिस जगह पर बनाया गया है उसे जगह का नाम शासकीय प्राथमिक शाला परम पुरवा विकासखंड मझगवां बताया गया है। उल्लेखनीय है कि आरपीएफ ने कार्यवाही की थी और उसके बाद दोनों लोग जिस जगह पर पढ़ते हैं उसे कॉलेज द्वारा नोटिस भी जारी की गई थी। उसके बाद भी रील बनाने का सिलसिला जारी है।

# जिले में चूल्हा बंद हड़ताल शुरू

### सहायता समूह की महिलाएं और रसोईया माता आंदोलित

**सतना।** प्रांतीय महिला स्वसहायता समूह महासंघ के बैनर तले मध्यान्ह भोजन,साझा चूल्हा योजना एवं रसोईया संघ के संबद्ध महिलाओं ने शासन के आदेश के विरोध में जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। स्वसहायता समूह एवं रसोईया माताओं द्वारा इस आदेश के विरोध में मंगलवार से चूल्हा बंद हड़ताल प्रारंभ की गयी। उक्त ज्ञापन में संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के उस आदेश का विरोध किया गया है जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिकाओं के माध्यम से नाश्ता एवं गर्म




पका भोजन प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सरिता सिंह बघेल ने कहा है कि स्वसहायता समूहों को बेरोजगार बनाने व हटाने हेतु शासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है,जो बिल्कुल मंजूर नहीं है। शांति महिला स्वसहायता समूह इस फैसले का कड़ा विरोध करेगा। मध्यान्ह भोजन,साझा चूल्हा एवं रसोइया संघ से जुड़ी महिलाओं ने कहा है कि शासन जब तक यह आदेश वापस नहीं लेता,तब तक आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूली शालाओं में भोजन नहीं बनाया जायेगा। महिला स्वसहायता समूह,रसोईया बहनें इस आदेश के विरोध में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगी। महिलाओं द्वारा अगले कदम के तहत जल सत्याग्रह किया जायेगा।

### चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

**सतना।** नादन देहात थाना अंतर्गत एनएच-30 पर स्थित बरहिया गांव के पास मंगलवार को तेज रफ्तार से चले जा रहे ट्रक ड्राईवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक पर सवार बबलू कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर,सीने,कमर व पैर में काफी चोटें आ गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 100 डॉयल टीम ने गंभीर रूप से घायल युवक को नेशनल हाईवे एम्बुलेंस से आनन-फानन में



अमरपाटन अस्पताल भिजवाया। इसके पूर्व कि गंभीर रूप से घायल युवक अस्पताल पहुंच पाता, बीच रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा शासकीय चिकित्सालय अमरपाटन से पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। पुलिस द्वारा परिजनों को घटना की सूचना देकर बुलवाया गया। पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाले ट्रक ड्राईवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। मामले में आगे की जांच कार्यवाही की जा रही है।

## मोहर्रम पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है। नियुक्त उपखंड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से चर्चा कर प्रतिवर्ष की भांति मोहर्रम आयोजन की समुचित व्यवस्था एवं सम्पूर्ण कानून व्यवस्था सुचारु रुप से संपादित करेंगे। साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी रघुराजनगर शहरी नीरज खरे, अनुविभागीय दण्डाधिकारी ग्रामीण राहुल सिलाड़िया, अनुविभागीय दण्डाधिकारी उचेहरा सुधीर कुमार बेक,अनुविभागीय दण्डाधिकारी नागौद एपी द्विवेदी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी मझगवां जितेन्द्र कुमार वर्मा,अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामपुर बघेलान आरएन खरे एवं सम्पूर्ण अनुविभाग हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट स्वप्निल वानखडे मोबाइल 9407020000 होंगे।

#### तीन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तीन कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिनमें प्रभारी तहसीलदार सौरभ मिश्रा को पन्नीलाल चौक,प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश सिंह को खूंथी बसीरन मोहल्ला एवं अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्नालाल तिवारी को करवला (रामना टोला) के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नियुक्त किये गये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 17 जुलाई को अपरान्ह 5 बजे से कार्यक्रम समापन तक अपने निर्धारित कार्यस्थल पर उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी नीरज खरे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रघुराजनगर (शहरी) मोबाइल 9425146097 होंगे।

#### प्रदेश सरकार के आदेश को निरस्त करने के लिए सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन



**मैहर।** भाजपा सरकार के विरोध में सरपंच का ने मोर्चा खोल दिया है। तीन दिन के अंदर पंचायत का कार्य ठप्प करने की चेतावनी भी दी है। प्रदेश सरकार द्वारा एक जुलाई से मनरेगा की सामग्री भुगतान में रोक लगाने और जल संरक्षण की योजना बंद करने पर सैकड़ों सरपंचों ने लामबंद होकर मैहर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सरपंचों ने कहा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना बंद करके प्रदेश सरकार क्या साबित करना चाहती है,इन योजनाओं के बंद होने पर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास बाधित होंगा जिस कारण सरपंचों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है ताकि समय पर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के हित में निर्णय ले सके,ज्ञापन देने सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा,डेल्हा सरपंच अभिषेक जैसवाल,भदनपुर सरपंच राहुल गुप्ता,तिंदुहटा सरपंच विक्रम शुक्ला,बदेरा सरपंच बद्री विश्वकर्मा, अमिलिया सरपंच ललित तिवारी सहित चौपड़ा सरपंच,धनवाही सरपंच,अमदरा सरपंच सहित कई पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।

# खडे ट्रक में जा घुसी बारातियों से भरी बस, दर्जन से ज्यादा लोग घायल



**सतना।** मैहर जिले के देहात थाना इलाके में मंगलवार को सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक में बारातियों से भरी बस जाकर घुस गई। इस घटना में एक दर्जन से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर मिली है। सभी को मामूली चोटे आई हैं उनका इलाज नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। मिली जानकारी केमुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 इलाके में यह घटना हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मैहर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर उनका इलाज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### गाइड प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का शुभारंभ



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत इस वर्ष भी पर्यटन सीजन शुरू होने के पूर्व तीन दिवसीय गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया है। आज प्रथम सत्र की शुरूआत कर्णावती कॉन्फ्रेंस हाल में की गई। इसमें पर्यटन गेट मड़ला, हिनौता, झिन्ना बफर, अकोला, रनेहफॉल और पाण्डव फॉल के 65 गाइड शामिल हुए। शेष गाइड प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में 18 से 20 जुलाई तक शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी सुहास कुमार, आर. श्रीनिवास मूर्ति सहित उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी रजनीश सिंह, सुशील चिकने, प्रवर मौर्य, अभिनव पाण्डेय, संदीप चौकसे, डॉ. विजय यादव और विवेक वर्मा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### आयुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम

**पन्ना।** आयुष संचालनालय के निर्देशानुसार मलेरिया को फैलने से रोकने के लिए होम्योपैथी औषधि मलेरिया ऑफ-200 का चिन्हित मलेरिया प्रभावित ग्रामों में रहने वाले प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य को सेवन कराया जाएगा। प्रथम चरण में औषधि की खुराक 18 जुलाई, 25 जुलाई एवं 01 अगस्त को दी जाएगी। इसी तरह द्वितीय चरण में 22 एवं 29 अगस्त व 5 सितम्बर को एक-एक खुराक की 6-6 गोलियां खिलाई जाएंगी। आयुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम का क्रियान्वयन मलेरिया विभाग से प्राप्त प्रभावित हाई रिस्क ग्रामों में ही आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता द्वारा दवा वितरण कर किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला मलेरिया अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही औषधि वितरण कार्य के लिए बीएमओ और परियोजना अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है। अजयगढ़ विकासखण्ड में 11 ग्राम एवं अजयगढ़ के तीन वार्ड, अमानगंज में 03 ग्राम, पवई में 05 ग्राम और देवेन्द्रनगर में 02 ग्राम के प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य को खुराक का सेवन कराया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा कराई जाएगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

### प्रवेश परीक्षा रविवार, 21 को

**पन्ना।** जिला प्रशासन पन्ना द्वारा इस वर्ष भी मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिबद्ध कोचिंग कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। एसएससी, बैंकिंग सहित अन्य लिपिकवर्गीय शासकीय सेवा की परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित कोचिंग संस्थान के माध्यम से कोचिंग क्लास संचालित कराई जाएगी। सत्र 2024-25 में कक्षाएं आरंभ करने के पूर्व कोचिंग के लिए अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के जरिए किया जाएगा। यह परीक्षा रविवार, 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से छत्रसाल कॉलेज पन्ना में होगी। चयनित प्रथम 100 अभ्यर्थियों को इस वर्ष कोचिंग के माध्यम से तैयारी कराई जाएगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने बताया कि स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्यनरत अभ्यर्थी एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र हैं। साथ ही आवेदक को पन्ना जिले का निवासी होना चाहिए और चयनित होने के उपरांत नियमित रूप से कोचिंग आने में रुचि भी अनिवार्य है। गत सत्र में प्रतिबद्ध कोचिंग कार्यक्रम अंतर्गत कोचिंग प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने निकटवर्ती महाविद्यालय में अथवा छत्रसाल कॉलेज पन्ना के विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र कक्ष में प्रभारी प्राध्यापक डॉ. बी.एन. जायसवाल के माध्यम से प्रतिदिन 12 बजे से 4 बजे के मध्य प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए फार्म प्राप्त कर सकेंगे। फॉर्म भरकर जमा करने के उपरांत पावती प्राप्त कर परीक्षा तिथि में पावती दिखाकर प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

# छत्रसाल महाविद्यालय में 60 घंटे का अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के अंतर्गत छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना में विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र के अंतर्गत विषय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शीर्षक व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पूरे प्रशिक्षण को 60 घंटे में विभाजित किया गया है जिसका प्रशिक्षण 16 जुलाई से 30 जुलाई तक संचालित होगा । इस प्रशिक्षण में 37 छात्रों का पंजीयन हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत मां वीणा वादिनी के समक्ष माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. पी. एस. परमार ने अपने उद्बोधन में छात्रों को इस प्रशिक्षण के महत्व को बताया और साथ में यह भी बताया कि इस अनुसंधान केंद्र के तहत इस प्रकार के कौशल विकास के कार्यक्रम को कराते रहेंगे जिससे हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ सके। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा ने प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों से कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी



अपने आप में बहुत बड़ी प्रॉपर्टी है। अपने अंदर छिपी हुई स्किल को पहचानने के लिए यह प्रशिक्षण एक माध्यम है। गणित विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के. वर्मा ने छात्रों को पूरे प्रशिक्षण की रूप रेखा का विवेचन किया। आज के मुख्य अतिथि शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोजगार को बढ़ाने में इसी प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। साथ ही आज के प्रथम सत्र के प्रशिक्षण में श्री त्रिपाठी जी ने संप्रेषण कौशल विषय पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। आज के द्वितीय सत्र का प्रशिक्षण शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज की व्याख्याता श्रीमती पूजा खरे ने दिया। आपने प्रशिक्षणार्थियों को सी. वी., रिज्यूम और बायोडाटा का अंतर बताया और रोजगार पाने के लिए सी. वी. के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी.एन.जायसवाल ने किया। इस कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी श्री सिद्धू सिंह, सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. एम. के. शुक्ला, डॉ. कविता परवंदा, डॉ. शिव गोपाल सिंह, डॉ. सचिन गोयल एवं अन्य प्राध्यापक साथी भी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देवेंद्रनगर थाना परिसर में पन्ना अधीक्षक द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर थाना प्रभारी के सौजन्य से शुक्रवार को थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इस अभियान की शुरूवात थाना देवेन्द्र नगर प्रांगण में पुलिस अधीक्षक श्री साई थोटा द्वारा जामुन का पेड़ लगाकर की गईं इसके उपरांत मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा आम का पेड़ लगाया गया इसके साथ साथ पूर्व विधायक शिवदयाल बागरी एडिशनल पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा और एसडीओपी बघेल द्वारा भी आम का पेड़ लगाया गया एवम नगर पत्रकारों द्वारा वृक्षारोपण किया गया मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के निर्देशन में समस्त शासकीय विभागों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत निर्देशित किया गया एमपी में पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई है पूरे प्रदेश में 1 दिन में लाखों पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है इसी कड़ी में देवेंद्र नगर थाना प्रांगण में देवेन्द्रनगर थाना प्रभारी अनूप यादव समस्त थाना स्टाफ नगर के गणमान्य नागरिक एवं पत्रकारों की मौजूदगी में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ संपन्न इस मौके पर नागरिकों ने भी सहभागिता कर नीम, आम जामुन आंवला नीबू अशोक एवं अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण कर सेल्फी ली और वायुदूत (अंकुर) एप पर अपलोड की। इस दौरान रोपे गए पौधों की सुरक्षा तथा नियमित अंतराल पर पौधों की स्थिति का अवलोकन कर एप पर फोटो अपलोड करने का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित पौधरोपण महाअभियान में वर्षा ऋतु के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, वन और नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा विभागवार लक्ष्य निर्धारित कर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में देवेंद्र नगर थाना प्रांगण में भी पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में नगर के पत्रकार प्रशांत जैन सुरेंद्र सिंह विनोद तिवारी कमलेश जैन जय कुमार कुशवाहा अशोक कुशवाहा बीजेपी से उमेश शर्मा एवम गजेंद्र सिंह समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

राजस्व महा अभियान 2.0

# राजस्व अभलेख को किया जायेगा दुरूस्त

**पन्ना। शासन के निर्देशानुसार 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जाएगा। महाअभियान का प्रथम चरण इस वर्ष जनवरी से मार्च माह की अवधि में संचालित कर राजस्व प्रकरणों का वृहद स्तर पर निराकरण किया गया था। राजस्व महाअभियान 2.0 के दौरान भी राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों को दुरूस्त करने का कार्य किया जाएगा।**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने राजस्व महाअभियान 2.0 के पन्ना जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए राजस्व अधिकारियों को



जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस क्रम में आज उन्होंने गुनौर एवं देवेन्द्रनगर में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक लेकर अभियान के निर्बाध रूप से संचालन के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों की राजस्व संबंधी शिकायतों व समस्याओं का भी समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अवगत कराया कि अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में समय सीमा पार लंबित प्रकरणों जैसे नामांतरण, बंटवारा और अभिलेख दुरूस्ती का निराकरण करना, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम और पीएम किसान का सेचुरेशन है। साथ ही समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्र व आधार से लिंकिंग और फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन है। अभियान के दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रत्येक ग्राम में फ्लैक्स चस्पा कर और दीवार लेखन सहित अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। बैठक में संबंधित तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल वाहनों का किया निरीक्षण







**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय की टीम द्वारा पन्ना, अजयगढ़ एवं गुनौर में संचालित स्कूल के वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुछ बसों में कमियां पाए जाने पर संबंधित स्कूल संचालकों को कमियां दुरूस्त कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के परिपालन में वाहनों का संचालन करना सुनिश्चित किया जाए। वाहनों में लायसेंसधारी चालक के साथ ही वाहन का वैध फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशामक यंत्र, दो दरवाजे, व्ही.एल.टी.डी, फर्स्ट एड बॉक्स, साइड में ग्रिल, वाहन सहायक/सहायिका होना जरूरी है। साथ ही वाहन में स्कूल का नाम, मोबाइल नंबर, हेल्पलाइन नंबर भी अंकित होना चाहिए अन्यथा नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक प्रहलाद लोधी ने कल्दा में भी अपने व्यय से सबरी माता का मंदिर बनवाने को लेकर लोगों की भावना को ध्यान में रखकर किया कार्य

### अंकुर मिशन पर भारतीय जनता पार्टी की बैठक कल्दा मण्डल में सम्पन्न

**पन्ना।** पवई विधायक प्रहलाद लोधी अपने आप में साधारण व्यक्तित्व के साथ-साथ जहां लोगों की आस्था व विश्वास के साथ स्वयं भरोसा करते है कल्दा जो पवई विधानसभा अंतर्गत क्षेत्र आता है जहां सबरी माता का मंदिर अपने व्यय से बनाने जाने को लेकर लोगों के हृदय में आस्था व विश्वास किया कायम। वहीं अंकुर अभियान के तहत पौधा रोपकर लोगों को वृक्षारोपण के माध्यम से भावी समय को ध्यान में रखकर वृक्षों की जरूरत व महत्व के बारे में दिया संदेश। पवई विधानसभा के ग्राम पंचायत कालड़ा में अंकुर मिशन के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी की कल्दा मंडल की बैठक रखी गई। जिसमें पार्टी को मजबूत करने के लिए विधायक पहलाद लोधी एवं प्रदेश कार्य



समिति सदस्य राम बिहारी चौरसिया द्वारा पार्टी एवं संगठन को मजबूत करने के संबंध में अपने वक्तव्य रखे गए तथा राम बिहारी चौरसिया द्वारा कहा गया कि हमने आगामी चुनाव में जिन बूथ में अच्छा कार्य किया है उनके साथ-साथ में जो भी पोलिंग हारे हैं उन पोलिंग में हमें ज्यादा से ज्यादा कार्य करना है तथा अंकुर मिशन के तहत ग्राम पंचायत कल्दा एवं आदिवासियों की आस्था का प्रतीक जो जिले में पहला शबरी माता मंदिर पवई विधायक पहलाद लोधी द्वारा अपने स्वयं के बय से के निर्मित कराया जा रहा है एवं दोनों जगह पर पौधारोपण किया गया तथा विधायक द्वारा कहा गया कि इसको भव्य रूप देने के लिए मैं अपनी तरफ से भरसक प्रयास करुगा तथा एक वर्ष के अंदर यह निर्मित हो जाएगा जिससे आगामी समय पर यहां लोगों की शादी के साथ-साथ सार्वजनिक कार्यक्रम भी इस स्थान से संपन्न हो सके इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कल्दा मंडल के सभी पदाधिकारी सहित क्षेत्र के जन्म प्रतिनिधियों के साथ-जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह कल्दा इंजीनियर प्रवीण सोनी आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम अवतार सिंह किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश सोनी एवं क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक पवई में हुई संपन्न

### पूर्व जिला अध्यक्ष ,पवई विधायक भी हुए शामिल



**पवई।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पवई की कार्य समिति की बैठक मंगलवार को जनपद सभागार में संपन्न हुई जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं से आगामी महीनो में होने वाले कार्यकर्मो की रूपरेखा की जानकारी दी गई उन कार्यक्रम मे 13 से 20 जुलाई तक शक्ति केंद्र सम्मेलन और बूथ नेतत्व सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे, 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव, 26 जुलाई को कारगिल दिवस के अवसर पर सैनिकों का सम्मान प्रतिमा स्थल स्मारकों पर पुष्पांजलि दी जाएगी, 28 जुलाई को प्रधानमंत्री के मन की बात एवं 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान हरियाली अमावस्या तक संचालित किए जाएंगे इस अवसर पर पवई विधायक प्रहलाद लोधी पूर्व जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया, जनपद अध्यक्ष मोहिनी मिश्रा, पुष्पेंद्र पटेल विधानसभा संयोजक, मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 31 अगस्त तक चलेगा राजस्व महाअभियान

**पन्ना। प्रदेश के सभी जिलों में 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को राजस्व महाअभियान की तैयारियों के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व महाअभियान में नक्शा सुधार और नक्शा तरमीम के सभी प्रकरण निराकृत करें।**

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिए राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश**

अभियान के दौरान सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में ऑनलाइन दर्ज कराएं। स्वामित्व योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को 15 अगस्त तक भू-अधिकार पत्रों का वितरण कराएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में शेष बचे सभी किसानों की ई-केवाईसी तथा आधार सीडिंग कराएं। अभियान के दौरान जमीन के खसरे में आधार सीडिंग की भी कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान कमिश्नर कम से कम एक तहसील का निरीक्षण करें। कलेक्टर, अपर कलेक्टर और एसडीएम भी तहसीलों का निरीक्षण करें। पटवारियों का निर्धारित मुख्यालय में रहना सुनिश्चित करें। इसका उल्लंघन करने वाले पटवारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके इनका निराकरण कराएं। खसरा सुधार के प्रकरण भी प्राथमिकता से निराकृत करें।

अभियान के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में सुरक्षित कराएं। सड़कों पर पशुओं का विचरण न हो इसे सुनिश्चित करें। वर्षाकाल में कई बार संचारी रोगों का प्रकोप होता है। वर्षाजनित रोगों से बचाव के उचित प्रबंध करें। सभी कलेक्टर आगामी त्यौहारों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। धार्मिक स्थलों में उचित साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था करें। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का समारोह पूरी भव्यता से आयोजित करें। सभी कलेक्टर रेत तथा अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में बताया गया कि जनवरी से मार्च में चलाए गए प्रथम राजस्व महाअभियान में प्रदेश भर में 30 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में पन्ना के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार सहित जिले के राजस्व अधिकारी भी उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत स्तर पर लोग योजनाओं का लाभ लेने के लिए देने लगे आवेदन

**कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच का दिखने लगा असर, पंचायतों में आने लगे आवेदन, योजनाओं का लाभ पाने के लिए जो सपने थे ग्राम पंचायत स्तर पर समस्याओं के निदान को लेकर ग्राम पंचायत में जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्या सुलझने लगी लोगों में जागरूकता भी आई। देने लगे लोग आवेदन शासकीय योजनाओं का लाभ पाने के लिए यही तो मंशा जिला प्रशासन के मुखिया की है। जहां आम जनता को कम समय में बिना खर्च के यानि की आवागमन में जो राशि व्यय होती थी वह बंद हो लोगों को न्याय का मार्ग पंचायत मुख्यालय में ही सुलभ हो जो नजर आने लगा। ग्राम पंचायत पटना तमोली में जनसुनवाई में लोगों ने दिये आवेदन।**



**पन्ना।** वैसे तो जनसुनवाई से लोगों का मोह भंग हो गया था। यह भी कहने में अतिश्योक्ति नहीं है कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई होती ही नहीं है। पंचायतें कभी कभार खुल जाती है तो वह एक अलग बात थी। पंचायतों को कार्यालय की तर्ज पर खोले जाने को लेकर तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार मिश्र व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीसंघप्रिय ने भी प्रयास किये तो कार्यालय पंचायतों के खुलने लगे थे। वहीं विधानसभा चुनाव व लोग सभा चुनाव में आचार संहिता केचलते हालात फिर बदले लेकिन यह अच्छे दिन की सामने आये जहां लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता खत्म होते ही जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार ने पंचायत मुख्यालय में ही जनसुनवाई को संवेदनशीलता के साथ आम आदमी के आवेदन लेकर समस्याओं के निदान को लेकर तत्परता से दिशा दी जिसका परिणाम भी नजर आने लगा। ग्राम पंचायत स्तर पर लोग शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए देने लगे आवेदन। अपनी समस्याओं का निदान बिना समय व धन दोनों का व्यय करते हुए कम समय में बिना व्यय के पंचायत में ही समस्याओं का निदान होने की सुविधा बनी क्योंकि अभी तक लोग अपनी समस्याओं के लिए जो पंचायत स्तर पर ही होती थी निदान को लेकर जनपद से लेकर जिला मुख्यालय तक पहुंचते थे जहां समय भी पूरा दिन लगता था वहीं आने-जाने में किराया व अन्य खर्च भी कहीं न कहीं व्यय के रूप में हालात बनते थे जिससे छुटकारा मिला कलेक्टर सुरेश कुमार ने जो पंचायत स्तर पर जनसुनवाई में लोगों को वहीं समस्याओं का निदान करने के लिए पंचायत स्तर के अधिकारियों को उपस्थित होकर जिम्मेदारी से आवेदन लेकर उनके समस्याओं का समाधान करने के लिए जिम्मेदारी दी है। जिसके चलते अब पंचायतों में ही लोगों की सुनवाई होने लगी। लोग देने लगे आवेदन पंचायत स्तर पर ही समस्याओं के समाधान को लेकर बनी राय।

## नपा के कर्मचारियों के ऊपर
# प्राइवेट व्यक्तियों से वसूली कराने के आरोप

**अवैध वसूली के खिलाफ नपा और पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई तो नाराज ई रिक्शा चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन, एसडीएम के नाम का सौंपा ज्ञापन**

**बस स्टैंड से नारेबाजी करते हुए तहसील में घुसे, प्रशासन ने पुलिस बुलाई**

ई रिक्शा चालकों से नपा के कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट कर्मचारियों से अवैध वसूली करने के आरोपों के मामले में नगर पालिका और पुलिस में शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो गुस्साए रिक्शा चालकों ने बस स्टैंड से नपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील के अंदर तक पहुंच गए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिससे तहसील प्रशासन ने पुलिस बुलाकर समझाइस देकर पहले तो बाहर किया, फिर इसके बाद आरआई द्वारका प्रसाद गुप्ता और सदर पटवारी कमलेश गुप्ता ने ई रिक्शा चालकों से एसडीएम के नाम का ज्ञापन लिया।



नौगांव।

मंगलवार की दोपहर दो दर्जन से अधिक ई रिक्शा चालकों ने एकत्र होकर नगर पालिका कर्मचारियों की सह पर प्राइवेट कर्मचारियों के द्वारा अवैध वसूली करने के मामले में एक बाद फिर विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ई रिक्शा चालकों ने बताया की अवैध वसूली के मामले की शिकायत सोमवार को नगर पालिका सीएमओ नीतू सिंह और पुलिस थाना में की गई थी, शिकायत के बाद अवैध वसूली करने वाले लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई तो दूर वसूली के लिए मना तक नहीं किया। जिसके चलते अवैध वसूली करने वाले गुर्गे मंगलवार को एक बार फिर से अवैध वसूली करने आए और फिर से वहीं फर्जी पर्ची देकर रूपये की मांग करने लगे। जिससे नाराज ई रिक्शा चालकों ने बस स्टैंड में एकत्र होकर एसडीएम ऑफिस तहसील तक नगर पालिका के द्वारा कराई जा रही अवैध वसूली, शिकायत के बाद भी कार्रवाई न करने और न ही वसूली रोकने के संबंध में, पुलिस के द्वारा भी कोई कार्रवाई न करने के विरोध में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान अवैध वसूली से गुस्साए ई रिक्शा चालक तहसील पहुंचकर काफी देर तक नारेबाजी करते रहे लेकिन जब कोई अधिकारी उनका ज्ञापन लेने नहीं आए तो गुस्साए ई रिक्शा चालक तहसील के अंदर घुस गए और नारेबाजी करने लगे। जिसके बाद तहसील प्रशासन ने सहयोग के लिए पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को समझाइस देकर बाहर से ज्ञापन देने एवं कोई अधिकारी न होने के संबंध में जानकारी दी। जिसके बाद आरआई द्वारका प्रसाद गुप्ता और सदर पटवारी कमलेश गुप्ता के द्वारा ई रिक्शा चालकों की समस्या को सुनते हुए शिकायती आवेदन लिया। ई रिक्शा चालकों ने एसडीएम के नाम का शिकायती आवेदन सौंपते हुए बताया कि शहर के बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों से यात्रियों के परिवहन के लिए ई रिक्शा चालकों और ई रिक्शा लोडर चालकों ने नगर पालिका के द्वारा यात्री वाहन कर एवं बाजार बैठकी वाहन कर का ठेका न होने के बावजूद वसूली करने का आरोप लगाया। और इतना ही नहीं वाहन चालकों ने वसूली करने के नाम पर नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों पर प्राइवेट लोगों को ठेका देकर वसूली करवाने के आरोप लगाए है। ई रिक्शा चालकों ने बताया कि बस स्टैंड एवं बाजार बैठकी का ठेका नगर पालिका के द्वारा नहीं दिया है, नगर पालिका के द्वारा कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो वाहनों से वसूली करेंगे। लेकिन नगर पालिका के द्वारा वसूली के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी वसूली ना करके प्राइवेट असमाजिक किस्म के लोगों को इसका ठेका दे दिया गया है, यह प्राइवेट लोग राजा, अजमेरी, शहजादे, राजू गुप्ता सहित अन्य लोग असभ्य भाषा का उपयोग कर दर से अधिक वसूली करते हैं तो वहीं वसूली के कॉलम में ई रिक्शा से वसूली नहीं है, लेकिन इसके बाद भी जबरदस्ती वसूली करते हैं, यदि पैसा न दो दो मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं, इतना ही नहीं दिन में एक बार लगने वाले शुल्क को दो से तीन बार तक वसूलते हैं, ऐसे में अपने परिवार का गुजर बसर करना मुश्किल हो रहा है, अवैध वसूली करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान नरेंद्र, नितिन, रतन, गिरजा प्रशाद, पुष्पेंद्र, अज्जू, लखन, धर्मेंद्र, चंदभान, संदीप सहित कई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दहशत फैलाने वाला आरोपी कट्टा सहित गिरफ्तार

**लवकुशनगर।** पुलिस अधीक्षक अगम जैन के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अवैध हथियार संबंधी आरोपी, क्षेत्र में दहशत फैलाने एवं माहौल खराब करने वालों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गंभीर वारदात को अंजाम देने की नियत से अवैध शस्त्र लिए गिरधौरी अटकौहां रोड पर घूम रहा है। पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूंछने पर अपना नाम रोहित तिवारी पिता दिलीप कुमार तिवारी उम्र 26 साल निवासी ग्राम परसानिया थाना लवकुश नगर का होना बताया। उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी पर धारा 25/27 मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट संबंधी अपराध थाना पर दर्ज है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सेन, प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र मोहन एवं आरक्षक रमाकांत तिवारी, सूरज शर्मा, नरेंद्र अहिरवार उमेश वर्मा बनमाली हिरदेश देव सिंह अभिषेक त्रिपाठी की अहम भूमिका रही।

### पुलिस ने मुख्यालय में निकाला फ्लैग मार्च



**छतरपुर।** सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में एएसपी विक्रम सिंह एवं सीएसपी अमन मिश्रा के नेतृत्व में छतरपुर पुलिस द्वारा मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन छतरपुर से प्रारंभ होकर नया मोहल्ला होते हुए गांधी चौक, कोतवाली, महल तिराहा होते हुए छत्रसाल चौराहा में संपन्न हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान नगर वासियों से आगामी पर्व शांतिपूर्ण मनाने हेतु अपील की गई एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां, विवादित टिप्पणी, आपत्तिजनक एवं प्रतिबंधित सामग्री की सूचना शीघ्र पुलिस कंट्रोल रूम एवं संबंधित पुलिस थाने में देने की अपील की गई। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में किसी भी तरह की आपत्तिजनक, विवादित पोस्ट शेयर ना करें। यदि कोई आपत्तिजनक या विवादित पोस्ट करता है तो शीघ्र ही पुलिस को सूचित करें। फ्लैग मार्च में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुजूर, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत, थाना प्रभारी ओरछा रोड पुष्पेंद्र सिंह यादव, थाना प्रभारी मातगुंवा उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा, चौकी प्रभारी सटई उप निरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन, थाना कोतवाली सिविल लाइन थाना ओरछा रोड थाना मातगुंवा, थाना सटई, पुलिस लाइन का बल, विशेष सशस्त्र बल उपस्थित रहा।

### दबंग माफिया कर रहा जमीन हड़पने की कोशिश



**छतरपुर।** राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम ललगुवां में पाल परिवार की जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत पीड़ित परिवार ने मंगलवार को जनसुनवाई में की है। खजुराहो के प्रेमनगर कॉलोनी में रहने वाले रघुवर पाल ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए कहा कि ग्राम ललगुवां में उसकी खेती की जमीन है। रघुवर ने बताया कि उक्त भूमि पर गोकरन दुबे तनय धर्मदास दुबे नि. डहर्रा थाना राजनगर हाल निवास रविन्द्र कॉलोनी खजुराहो द्वारा छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी क्षेत्र का भू माफिया गुण्डा एवं दबंग अपराधी है।

## भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत
### चौक समारोह में शामिल होने था परिवार





खजुराहो।

चौक समारोह में शामिल होने आया एक परिवार उस वक्त सड़क हादसे का शिकार हो गया जब वह खजुराहो आ रहा था। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। उधर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

मंडला जिले के रहने वाले राजेश रजक ने बताया कि उनके साढू डिण्डोरी जिले में रहते हैं। उनकी बच्ची राजनगर क्षेत्र के ग्राम बरा में ब्याही है। बच्ची के चौक समारोह में शामिल होने वे परिवार सहित आए थे। यहां आने के बाद उन्हें लगा कि वे खजुराहो के मतंगेश्वर महादेव और बागेश्वर धाम तीर्थ क्षेत्र के दर्शन भी कर लें। इसी वजह से एक गाड़ी किराए से लेकर वे जा रहे थे। खजुराहो थाना अंतर्गत एयरपोर्ट के पास उनका चार पहिया वाहन डिवाईडर और पेड़ से टकराकर हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे में सृष्टि रजक, आनंद रजक और पानबाई रजक की मौत हो गई। घटना में पंचम रजक और अंश रजक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर मौके पर आयी पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा लेकिन उनकी हालत नाजुक होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज ग्वालियर रिफर कर दिया गया।

### दो बाईकों की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में बमीठा थाना क्षेत्र के गंज टावर के पास दो मोटर साईकिलों की आपस में टक्कर हो गयी। इस घटना में गढ़ा निवासी दीपक रजक पुत्र रामचरण रजक 18 साल की मौत हो गई। उसी मोटर साईकिल में सवार सूरज कुशवाहा घायल हुआ है। सूरज ने बताया कि दीपक के साथ रात 8 बजे गंज गए थे। 10 बजे जब वे वापस आ रहे थे उसी समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर साईकिल के चालक ने तेज व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। सूरज को मामूली चोट आयी है। बताया जाता है कि दूसरी मोटर साईकिल में सवार व्यक्ति बमीठा के रहने वाले हैं। उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

## विहिप एवं बजरंग दल ने दिया खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ ज्ञापन




नौगांव।

मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद नगर में खुलेआम मांस बेचने वालों पर कार्यवाही न होने से नाराज विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील जाकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आवेदन में बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बीते दिनों निर्देश दिए गए थे कि खुले में मांस, मछली का विक्रय नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए थे कि एक निश्चित स्थान तय कर वहीं पर मांस, मछली का विक्रय किया जाएगा। लेकिन प्रशासन द्वारा मांस, मछली के खुले में विक्रय को नहीं रोका गया है। इसी से नाराज विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए खुले में मांस, मछली का विक्रय करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अगर खुले में मांस मछली के विक्रय को बंद नहीं किया गया तो विहिप एवं बजरंग दल उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

ज्ञापन में मुख्य रूप से दुर्गावाहिनी की बहनें, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परमार, जिला सह संयोजक बजरंग दल जितेंद्र सिंह घोष, प्रखंड मंत्री अंजुल यादव, प्रखंड संयोजक सतेंद्र परमार, नगर अध्यक्ष प्रिंस परमार, नगर संयोजक सत्यम मिश्रा एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए एनटीपीसी विंध्याचल का एक प्रयास

एनटीपीसी

विंध्याचल ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य समुदायों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना और छात्रों को बेहतर शैक्षिक संसाधन प्रदान करना है। इसी श्रृंखला में, आज 15 जुलाई 2024 को बलीयारी के सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए गए।




सुहासिनी संघ की अध्यक्ष श्रीमती ई सरोजा फणी कुमार ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, साथ ही गणमान्य व्यक्तियों में श्रीमती सरिका चतुर्वेदी, श्रीमती शिल्पा कोहली, श्रीमती मुस्कान अरोड़ा और सुहासिनी संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे। श्री महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर/आर एंड आर), श्री निखिल जायसवाल, कार्यकारी (सीएसआर) और उनकी टीम के साथ स्कूल के शिक्षक भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान करना और उनके अध्ययन के प्रति उत्साह और प्रेरणा को बढ़ाना था। एनटीपीसी-विंध्याचल के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बताया कि वे शिक्षा क्षेत्र को सुधारने और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक संसाधन प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है, और वे इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

ऐसी गतिविधियाँ न केवल बच्चों को भौतिक संसाधन प्रदान करती हैं बल्कि उनकी आत्मविश्वास और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भी विकसित करती हैं। एनटीपीसी-विंध्याचल के प्रयास शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं, और यह निश्चित रूप से इस क्षेत्र के बच्चों को लाभान्वित करेगा।

## युवक की गला घोंटकर हत्या शव को खण्डहर में फेंका

### हत्यारों का नहीं लगा सुराग, पुलिस कर रही छानबीन

छतरपुर।

बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम सद्दूपुरा में बीती रात एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई और शव को खण्डहर में फेंक दिया गया। हत्या की वजह क्या है यह अभी ज्ञात नहीं हो सका। घटना की सूचना मिलने के बाद बमीठा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और मुआयना किया। उधर शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजनगर भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक सद्दूपुरा निवासी हरीराम पुत्र लक्ष्मन उर्फ बच्चू पटेल उम्र 28 वर्ष की लाश



खण्डहर में पड़ी थी। सुबह जब गांव के लोग खण्डहर के सामने से निकले रास्ते से गुजर रहे थे तभी लोगों की नजर हरीराम के शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत बमीठा सरपंच मंजू सनत जैन को दी। सरपंच पति सनत जैन ग्रामीणों के साथ बमीठा थाना पहुंचे और थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा को घटना से अवगत कराया। थाना प्रभारी ने एफएसएल टीम को सूचना दी। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे उसी समय एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। घटना स्थल का मुआयना कर शव का पंचनामा बनाया गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है।

### बाल भवन में मनाई गई खुशियों की त्रैमासिक जन्मदिन धूमधाम



**सिंगरौली ।** बाल भवन एनटीपीसी विंध्याचल के महिला क्लब, सुहासिनी संघ के तत्वावधान में संचालित होता है। वे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हैं, त्योहारों का उत्सव मनाते हैं और हमारे टाउनशिप के बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस बार उन्होंने हमारे बच्चों के लिए बहुप्रतीक्षित गतिविधि, त्रैमासिक जन्मदिन की धूमधाम का आयोजन किया, जिससे यह स्थान खुशी और उत्सव का केंद्र बन गया। बाल भवन के बच्चों के जन्मदिन को सम्मानित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में केक काटने का आयोजन किया गया और यह रंगों, संगीत और हंसी का एक अद्भुत दृश्य था। इस अवसर पर सुहासिनी संघ की अध्यक्ष श्रीमती सरोजा फणी कुमार, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिका चतुर्वेदी और महिला क्लब और बाल भवन के अन्य वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित थे, जिससे यह बच्चों के लिए एक यादगार कार्यक्रम बन गया। एनटीपीसी विंध्याचल में बाल भवन में त्रैमासिक जन्मदिन की धूमधाम न केवल जन्मदिन का उत्सव थी, बल्कि समुदाय की एकता और खुशी की भावना का प्रमाण भी थी।

### सुहासिनी संघ का दिल छू लेने वाला कार्यक्रमः विंध्य अस्पताल में छातों का वितरण



**सिंगरौली।** सुहासिनी संघ, एनटीपीसी विंध्याचल लेडीज क्लब, ने हाल ही में विंध्य अस्पताल में एक दिल को छू लेने वाली कल्याणकारी गतिविधि का आयोजन किया, जिसमें अस्पताल के स्टाफ सदस्यों को छाते वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य तपती धूप और अप्रत्याशित बारिश से राहत प्रदान करना था, ताकि अस्पताल आने वाले लोगों को आराम मिल सके। डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, सीजीएम (मेडिकल), इस अवसर पर सुहासिनी संघ की अध्यक्ष श्रीमती ई. सरोजा फणी कुमार और उपाध्यक्ष श्रीमती सरिका चतुर्वेदी के साथ मौजूद थे। सुहासिनी संघ के सदस्य रंग-बिरंगे छातों के साथ अस्पताल में इकट्ठा हुए, जिससे एक जीवंत और स्वागतपूर्ण माहौल बन गया। जब उन्होंने छाते वितरित किए, तो प्राप्तकर्ताओं के चेहरों पर मुस्कान और कृतज्ञता के भाव दिखाई दिए, जिससे क्लब की सोच-समझकर की गई इस पहल का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट हुआ। यह वितरण कार्यक्रम केवल एक दान कार्य नहीं था; यह सुहासिनी संघ की सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण था। क्लब की अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए सामुदायिक भलाई में ऐसे प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी को एक-दूसरे का समर्थन करने और एकता और देखभाल की भावना को बढ़ावा देने के लिए ऐसे ही गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की समाप्ति एक संतोष और खुशी की भावना के साथ हुई, क्योंकि लेडीज क्लब के सदस्य यह जानते हुए वहां से गए कि उन्होंने अस्पताल आने वालों के जीवन में एक ठोस अंतर पैदा किया है।

## खबर संक्षेप

### कार व ई रिक्शा की हुई टक्कर, आधा दर्जन घायल



**रीवा।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर के समीप गुरु मार्केट के सामने कार और ई रिक्शा में टक्कर हो गई है इस दौरान विश्वविद्यालय में अध्यनरत आधा दर्जन से ज्यादा छात्राएं घायल हो गई,स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ई रिक्शा के नीचे फंसी हुई छात्रों को बाहर निकाला है और उन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा है प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो ई रिक्शा और कार में ओवरटेक करने के प्रयास में यह टक्कर हुई है कार की टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई रिक्शा बीच सड़क पर ही पलट गया और उसमें सवार विश्वविद्यालय में अध्यनरत आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गई हैं स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ई रिक्शा को हटाकर छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला है जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से छात्रों को अस्पताल भेजा गया है। जहां छात्रों की स्थिति सामान्य बताई गई।

### किशोर का शव मिला




**रीवा।** जिले के जवा थाना अंतर्गत मंगलवार को एक किशोर का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर मिला है।मामला रीवा के नष्टिगवां गांव का है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि आदित्य गुप्ता पिता रामबाबू गुप्ता को गला दबाकर जान से मार दिया गया है। परिजनों ने संदेहियों के नाम पुलिस को बताए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मृतक का परिवार मूल रूप से सतना जिले के मझिगवा गांव का रहने वाला है। कुछ महीनों से मकान बना कर नष्टिगवां में रह रहे हैं। गांव में किशोर अपनी मां के साथ रहता था। सूचना मिलते ही रीवा एसपी विवेक सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पार्षदों ने चलाया सफाई अभियान

**मऊगंज।** नगर परिषद के पार्षदों द्वारा त्योहारों को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है ज्ञात हो कि आगामी दिनों में त्योहारों का सीजन चालू होगा। 17 जुलाई को मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकाली जाएगी जिसको लेकर वार्ड पांच के पार्षद अन्नू साहिल खान द्वारा वार्ड में नाली, सड़क, बिजली की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त किया जा रहा है। परिषद कर्मचारियों सफाई कर्मियों के सहयोग से बृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है बीते दिन जिला प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक में त्योहारों को देखते हुए बिजली पानी सफाई से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था। परिषद के वार्ड 5,6,7,10,12 में पार्षदों द्वारा बिजली व्यवस्था, सफाई, पानी को लेकर वार्डों में पहुंचकर विशेष अभियान के तहत तमाम व्यवस्था सुधारी जा रही है। जिससे त्योहारों में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो और शांतिपूर्वक त्यौहार मनाया जा सके।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही जारी



**मऊगंज।** जिले के हनुमना तहसील के अंतर्गत आबकारी विभाग की एक बड़ी कार्रवाई में अवैध मदिरा के धंधे का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन और जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत आज 16 जुलाई को आबकारी विभाग ने एक टीम गठित कर जिले में बड़ी कार्यवाही करते हुए हनुमना से महज 5 किलोमीटर दूरस्थ ग्राम करनामपुर मे रामकरण बसोर के रिहायशी मकान से 30 पाव गोवा व्हिस्की तथा 50 पाव देशी प्लेन, धर्मेंद्र कोल रिहायशी मकान से 37 पाव गोवा व्हिस्की,ग्राम गुरमा मे मिथुन कोल के रिहायशी मकान से 49 पाव गोवा व्हिस्की तथा 20 पाव देशी प्लेन मदिरा बरामद की गई।

### अल्ट्राटेक सीमेन्ट कम्पनी व नौवस्ता पुलिस के विरोध में

# एसकेएम ने कलेक्टर व एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जल्द कार्यवाही न होने पर होगा बड़ा आंदोलन**

अल्ट्राटेक सीमेन्ट कम्पनी बेला व चौकी नौवस्ता की तानाशाही व पुलिसिया जुल्म के विरोध मे संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में पीड़ित किसानों क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर एसपी को ज्ञापन पत्र सौंपा है।

रीवा



मोर्चे के संयोजक शिव सिंह ने बताया कि मोर्चे की मांग है कि अल्ट्राटेक कम्पनी प्रबंधन की तानाशाही के चलते औद्योगिक क्षेत्र का दूषित एवं मलयुक्त गन्दा पानी प्रबंधन द्वारा किसानों के खेतों से जबरिया बहाया जाता है जो गरीब बस्तियों से होकर निकलता है जिसके चलते खेतों की फसले चौपट हो रही हैं व गम्भीर प्रदूषण के चलते बस्तियों के लोग बीमारियों से पीडित हो रहे हैं विरोध करने पर प्रबंधन के गुण्डों द्वारा आम नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट की जाती है तथा कम्पनी प्रबंधन द्वारा प्रदूषण रोकने मानकों का पालन नही किया जा रहा है रात्रि होते ही प्रदूषण रोकने वाले उपकरण बन्द कर दिये जाते हैं जिससे लोग गम्भीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं तथा कोयले का भण्डारण खुले मे किया जा रहा है जिसके चलते आम नागरिकों का जीवन दूभर हो रहा है तथा फसलें भी खराब हो रही हैं कम्पनी द्वारा जेपी प्रबंधन जमाने के लगाये गये हजारों वृक्षों का कत्लेआम कर दिया गया है और औद्योगिक मानक अनुसार वृक्ष नहीं लगाये गये जिसके चलते पूरे क्षेत्र का वातावरण दूषित हो रहा है इन्ही सब बातों का विरोध करने पर दिनांक 5 जुलाई को अल्ट्राटेक कम्पनी के गुण्डों द्वारा प्रकाश नारायण सिंह पिता स्व0 रामलाल सिंह निवासी मध्येपुर को यमुना द्वार गेट के सामने एवं अन्दर ले जाकर 5 नामजद आरोपियों सहित अन्य दर्जनों की संख्या मे शामिल लोगों ने मारपीट किया जिसकी रिपोर्ट पुलिस चौकी नौवस्ता मे तथा नगर पुलिस अधीक्षक रीवा के समक्ष की गई थी लेकिन आज तक आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध नही किया गया और आज खबर यह हुई की प्रबंधन के इशारे पर चिकित्सकों से फर्जी मेडिकल बनवाकर पीड़ित पक्ष के खिलाफ फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है हमारी मांग है कि पांच सदस्यीय चिकित्सकों की टीम के द्वारा सीसीटीवी कैमरे के निगरानी पर प्रबंधन द्वारा कराए गए फर्जी मेडिकल की जांच हो तथा विगत 10 वर्षों से अधिक समय से चौकी नौवस्ता मे आरक्षक पंकज सिंह तैनात है जो कम्पनी के प्रभाव में रहकर अनैतिक गतिविधियों मे शामिल होकर कम्पनी प्रबंधन के इशारे पर क्षेत्र के लोगों को परेशान कराता है तथा झूठे मुकदमे भी पंजीबद्ध कराता है जिसको तत्काल चौकी नौवस्ता से हटाया जाय तथा प्रकाश नारायण सिंह के साथ की गई मारपीट पर कार्यवाही न किये जाने पर चौकी प्रभारी नौवस्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जाय एव जेपी सीमेन्ट प्लान्ट रीवा द्वारा अधिकतर श्रमिकों के माह नवम्बर 2023 से अप्रैल 2024 तक का वेतन नही दिया गया ऐसे श्रमिकों के बेतन का तत्काल भुगतान कराए जाने की मांग की गई है साथ ही मोर्चे ने कहा कि मांगों का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा।



### महिला बाल विकास के पायलट प्रोजेक्ट के खिलाफ स्वा सहायता समूह ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास के द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत हर आंगनबाड़ी केंद्रों में नाश्ता एवं खाना के लिए आए नए आदेश के बाद स्व सहायता समूह संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है मंगलवार को जिले भर के स्वस्थ सहायता समूह संचालकों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा है , स्व सहायता समूह संचालकों का कहना है कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्य प्रदेश द्वारा जारी आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आदेश उनके रोजगार पर सीधा हमला है, स्व सहायता समूह संचालकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह आदेश महिला स्वास्थ्य सहायता समूहों को बेरोजगार करने का एक विशेष प्रयास है जो की बिल्कुल मंजूर नहीं है,प्रांतीय महिला स्वास्थ्य सहायता समूह महासंघ इस फैसले का विरोध करता है,इधर स्व सहायता समूह के प्रांतीय संगठन ने आदेश वापस लेने की चेतावनी दी है उन्होंने कहा है कि यदि 16 जुलाई के पहले आदेश वापस नहीं लिया गया तो 10 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्रों स्कूल शालाओं में भोजन नहीं बनाया जाएगा,वही अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और अगर शासन की मनमानी रही तो अगला कदम जल सप्ताह ग्रह होगा और हाईवे जाम किया जाएगा।

## नगर निगम द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत शहर के पार्क व स्मारकों में किया गया श्रमदान एवं 3 आर गतिविधियों का हुआ आयोजन

रीवा।





निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार दिनांक 16/07/2024 को एक दिवसीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर के पार्कों एवं स्मारकों में श्रमदान का आयोजन किया गया। श्रमदान के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया कि हमे अपने शहर व अपने आस पास सफाई रखनी चाहिए साथ ही नागरिकों को समझाइस दी गई कि अपने घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को अलग अलग पृथ्क्कीकरण करके ही कचरा गाड़ी में दें, खुले में कचरे को फेकने से कचरा पड़ाव केन्द्र (जीवीपी) बनता है जो न केवल शहर की स्वच्छता को प्रभावित करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिये भी हानिकारक होता है। सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर तरह तरह की बीमारियो एवं संक्रमित रोग उत्पन्न होते है जो हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते है। इस दौरान नागरिकों को यह भी बताया गया कि हमे अपने आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त बनाये रखना चाहिए। जिससे हमारा शहर स्वच्छ व सुंदर बना रहे। नागरिकों से अपील की गई की पार्क एवं स्मारकों में भ्रमण के दौरान कचरे को न फेके वल्कि वहा पर लगे हुये डस्टबीन का उपयोग करें। साथ ही नगर निगम की टीम द्वारा 3 आर कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे पुरानी बोतलों से घर के डेकोरेटिव सामान इत्यादि बनाया गया एवं पुराने टायर की मदद से गमले व झूला बनाया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगो को बताया गया कि हमे अपने पुराने समान को बाहर न फेंक कर उसका उपयोग अपने घर या गार्डन को सजाने में कर सकते हैं। 3 आर के कार्यक्रम में हायर सेकेण्डरी स्कूल मार्तंड क्रमांक 1 के छात्राओं ने नगर निगम के 3 आर पार्क का भ्रमण किया और कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुराने बोतल व टायर की मदद से नया डेकोरेटिव सामग्री तैयार किया। इस दौरान उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वॉर्ड के स्वच्छता चैम्पियन, मार्तंड क्रमांक 1 के छात्राये, आईईसी टीम एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

## एक वृक्ष दस पुत्रों के समान देता है फल: अधि.घनश्याम सिंह

रीवा ।



जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वृक्षारोपण की महती आवश्यकता है, जंगल की अवैध कटाई, रोड़ों के विकास में पौधों के क्षरण से हमारे मानव जीवन में कितना बड़ा दुष्परिणाम होता है यह आज स्वयं देखने को मिल रहा है उक्त आशय के विचार वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम सिंह जी ने विंध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ के तत्वावधान में ललपा तालाब के पास आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत व्यक्त किया। उन्होने कहा कि एक पेड़ यदि हम तैयार कर दें तो वह दस पुत्रों के समान फल देता है, क्षत्रिय समाज संकल्प ले कि वह अपने घर एवं आसपास फलदार वृक्ष का रोपण कर रीवा को हरा भरा बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। विन्ध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए ललपा तालाब के पास स्थित शासकीय आवास के प्रांगण में सैकड़ो फलदार वृक्ष का रोपण किया गया इस अवसर पर संगठन के संरक्षक मान सिंह ताला हाउस ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम पौधारोपण तो करते हैं लेकिन यह भूल जाते है कि पौधा तभी बड़ा होगा जब हम उसका संरक्षण करेगें उन्होने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि आप सभी लोग इन पौधों का संरक्षण करे जब तक कि ये वृक्ष का रूप धारण न कर लें। उन्होने कहा कि वृक्ष का रूप धारण करते ही हमें वो आक्सीजन प्रदान करेगें और हमारा जीवन रोग मुक्त होगा। संगठन के प्रदेश संयोजक रावेन्द्र सिंह बाघेला के मार्गदर्शन में करीब 100 फलदार पौधे जैसे आम, आंवला, गुलमोहर, नीम, अमरूद, शीशम सहित औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बाघेला ने कहा कि हमारा संगठन द्वारा रीवा नगर में वार्डवार करीब एक हजार पौधों का रोपण किया जायेगा और उनका संरक्षण संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के द्वारा समय-समय पर किया जायेगा। इस अवसर पर उपस्थित उदय सिंह जी सेवानिवृत्त डी.आई.जी., कुं.नीरज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संगठन प्रभारी मंत्री मुनेन्द्र सिंह परिहार की अहम भूमिका रही। वृक्षारोपण अवसर पर नागेश सिंह, अनिल सिंह, गोपाल सिंह, महावीर गुप्ता, सुरेश दीक्षित, विवेक पाण्डेय, रमेश गिरी, डा.पुष्पेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र पटेल, अनिल सिंह, संजय सिंह, योगेद्र सिंह, जय सिंह, राजुल सिंह परिहार, विजय सिंह, कीर्तिवर्धन सिंह, संतोष सिंह, रोहित सिंह, भवानी सिंह, अरुण सिंह, प्रदीप नारायण सिंह, रोहित वाल्मीक, दुर्गेश बाल्मीक, केदारनाथ सिंह सेंगर, श्रीमती प्रीती सिंह, अनीता दीक्षित, ललिता गुप्ता, उर्मिला सिंह, प्रभा सिंह, माण्डवी सिंह, अल्पना पाण्डेय सहित ललपा के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अव्यवस्थाओं के भंवर में जनपद कार्यालय नईगढी - नृपेंद्र सिंह पिन्टू

**रीवा।** जनपद पंचायत नईगढ़ी के पूर्व उपाध्यक्ष वर्तमान जनपद सदस्य नृपेंद्र सिंह पिन्टू ने जनपद कार्यालय नईगढी की कार्यप्रणाली पर सबाल उठाते हुए कहा है कि दो बर्ष बीत गए हैं लेकिन जनपद में अव्यवस्थाओ का अंबार है, पिछले दो बर्ष में कई सीईओ बदले गए बर्तमान सीईओ कार्यालय से गायब रहती हैं। आमजन यहां तक की जनपद सदस्य ,सरपंच,सचिव भी सीईओ से नही मिल पाते हैं फोन भी रिसीव नही होता है। हितग्राही मूलक कोई भी कार्य दो बर्ष से नही हो रहें हैं जनपद बीरान सा हो गया है अब तो लोग जनपद कार्यालय आना बंद कर दिए है। जनपद अध्यक्ष की कार्यप्रणाली के कारण यह सब हो रहा है। सभी जनपद से दूरी बना रहें है कर्मचारी इतने दहशत और दवाब मे है की कोई काम ही नही करना चाहते। जनपद अध्यक्ष जनपद की मुखिया है लेकिन इनके द्वारा स्वयं ग्राम पंचायतो की शिकायत,कर्मचारियों की शिकायत की जाती है सरपंचो और कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है कुछ उनके खास जनपद में घूमते रहते हैं जो अध्यक्ष की मांग को सरपंचों तक पंहुचाते रहते हैं, अपने खास लोगो को काम देने के लिए सरपंचो पर दबाव बनाते हैं।उपयंत्रियों पर दबाव बनाने के लिए अध्यक्ष द्वारा एम.बी. निरीक्षण हेतु मांगी जाती है दो साल में खुद कुछ नहीं कर पाई पिछले कार्यकाल के जांच की मांग करती हैं। सामान्य प्रशासन की बैठक में अध्यक्ष स्वयं प्रस्ताव करती हैं की जनपद के पिछले कार्यकालों की जांच ईडब्ल्यू.लोकायुक्त से कराई जाए। नृपेंद्र सिंह ने कहा है कि ऐसा अध्यक्ष पहली बार देखा है जो खुद अपने जनपद के कार्यो की जांच हेतु विभिन्न जगह शिकायत करते घूमती रहती हैं। अध्यक्ष का यह कृत्य यह दर्शाता है कि उनकी चाहत क्या है और स्वंय पद के काबिल नही हैं। 15 वें वित्त की राशि का वितरण सामान्य सभा की बैठक मे किया जाना चाहिए उसे अध्यक्ष सामान्य प्रशासन की बैठक में पारित कर कार्ययोजना बनाते हैं जिससे सभी सदस्यों को विकास हेतु राशि नही मिल पाती है। खुद अध्यक्ष पति कर्मचारियों के पास बैठ कर कार्ययोजना बनवाते हैं बैठक में प्रस्ताव कुछ और पारित होता है कार्ययोजना कुछ और बनती है। जनपद सीईओ के संरक्षण में नियम कानून का माखौल उडाया जा रहा है सोशल मीडिया में अपने आप को ईमानदार समाजसेवक का दिखावा करने बाले अध्यक्ष पति पैसे के लिए परेशान दिख रहें है यह उनकी कार्यप्रणाली बता रही है । अब तो जनपद का मुख्य द्वार ही नियमित रूप से बंद करा दिया गया है कारण कुछ और बताया जाता है लेकिन आमजन और जनप्रतिनिधि जनपद कार्यालय सरलता से न पंहुचे इसलिए ऐसा किया गया है । जनपद की राशि का बंदरबांट अध्यक्ष और सीईओ की मिली भगत से चल रहा है काम कुछ और दिखाया जाता है जो फील्ड पर दिखता नही है लेकिन राशि आहरित हो जाती है जबकि जनपद सदस्यों को कुछ नही मिल रहा है जनपद सदस्य क्षेत्र के विकास हेतु राशि के लिए भटक रहें हैं चुनाव के पूर्व अध्यक्ष द्वारा बडी-बडी बातें की जा रही थी अब शांत हो गए हैं, ऐसी अव्यवस्थाओ से जनपद का आमजन परेशान हैं शासन की हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ पात्र लोगो को नही मिल रहा है।



### सीएससी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले में सीएससी दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष अशोक ओहरी अपर कलेक्टर रहे। सीएससी टीम द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया । जिला प्रबंधक सीएससी द्वारा सीएससी के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारें में जानकारी प्रदान की गयी । जिले में ग्रामीण भारत डिजिटल योजनाओं के क्रियान्वयन में सीएससी संचालकों के अहम योगदान एवं कार्यों के लिए कलेक्टर महोदय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएससी संचालक बंधुओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । कलेक्टर ने सीएससी द्वारा ग्रामीण अंचलों में दी जा रही डिजिटल सेवाओं के लिए सीएससी की भूमिका को सराहनीय कदम बताया । सीएससी दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में सीएससी दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। एक पेड़ मां के नाम पर सीएससी संचालक बंधुओ से वृक्षारोपण की प्रतिज्ञा दिलवाई गई।सीएससी दिवस कार्यक्रम में जिला प्रबंधक सीएससी रीवा रवि शंकर मिश्र, विक्रम पाण्डेय, जिला समन्वयक एआईसी भूपेंद्रे सेन, एसबीआई लाइफ से श्री मनमोहन तिवारी जी, श्री प्रशांत विश्वकर्मा जी एवं सीएससी संचालक उपस्थित रहे ।

## राजस्व महाअभियान में हर गांव में बी-1 का वाचन कराएं - कमिश्नर

### 30 जून तक पारित आदेश शत-प्रतिशत अमल दरामद कराएं - कमिश्नर

### कमिश्नर ने गूगल मीट से राजस्व महाअभियान के संबंध में दिए निर्देश



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने गूगल मीट से आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाअभियान के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान के लिए सभी कलेक्टर रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम बैठक लेकर शासन के निर्देशों को पटवारियों को अवगत कराएं। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान अभियान के लिए निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक गांव में दीवार लेखन के माध्यम से शिविर की तिथियों की जानकारी दें। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी दें।

कमिश्नर ने कहा कि रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जो प्रकरण 30 जून तक निराकृत हो गए हैं उनका अभियान के दौरान अमल दरामद कराएं। सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। कलेक्टर, एसडीएम तथा तहसीलदारों से प्रकरणों के शत-प्रतिशत दर्ज होने का प्रमाण पत्र लें। अभियान के दौरान निरीक्षण में इसका सत्यापन करें। यदि किसी न्यायालय में कोई प्रकरण बिना दर्ज किए हुए पाया जाता है तो संबंधित पीठासीन अधिकारी के ऊपर कार्यवाही करें। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जो समय सीमा तय की गई है उसमें ही प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। संभाग में बंटवारे के भी बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। पक्षकारों को समझाइश देकर बंटवारे के प्रकरण निराकृत करें। नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें।

कमिश्नर ने कहा कि नक्शा तरमीम के प्रकरणों में जिनमें कम खातेदार हैं उनके प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी तथा अन्य कमियाँ भी अभियान के दौरान दूर कराएं। अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त जानकारियाँ दर्ज कराएं। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करके 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत भू अधिकार पत्र वितरित कराएं। राजस्व अभियान की नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी। सभी कलेक्टर निर्धारित प्रपत्र में जानकारी दर्ज कर प्रतिदिन प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा अथवा अन्य योजना से शांति धाम निर्माण के निर्देश दिए।

गूगल मीट में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि राजस्व महाअभियान में बी-1 के वाचन के लिए ग्रामवार कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। अभियान के दौरान अधीनस्थ सभी न्यायालयों का निरीक्षण किया जाएगा। स्वामित्व योजना में जिन गांवों का ड्रोन सर्वे हो चुका है उनके हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा ने बताया कि नक्शा तरमीम के प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत किए जाएंगे। अभियान के दौरान पटवारी घर-घर जाकर राजस्व के मामले दर्ज करेंगे। कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि अभियान का ग्रामवार कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। सभी राजस्व न्यायालयों का एक सप्ताह में निरीक्षण कर लिया जाएगा। प्रथम राजस्व अभियान में जिन बिन्दुओं पर जिले का प्रदर्शन कमजोर था वहाँ विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों का मूल्यांकन करके उनकी रैंकिंग की जाएगी। गूगल मीट में कलेक्टर मऊगंज, मैहर, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, एडीएम उमरिया तथा अन्य राजस्व अधिकारी शामिल हुए।